# प्रभातफेरी निकालेंगे, बच्चों को बनाएंगे दूत

रतलाम | कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को वीसी ली। कलेक्टर ने कहा प्रभातफेरी से जागरूकता फैलाई जाएगी। स्कूली बच्चे वैक्सीनेशन दूत का काम करेंगे। शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए वाट्सएप ग्रुप से शिक्षक अपने बच्चों के साथ संवाद रखेंगे। बच्चे उनके माता-पिता व परिवारों में शत प्रतिशत टीकाकरण करवाने के लिए मानिटरिंग करेंगे। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को कहा कि क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों के माध्यम से नागरिकों को आमंत्रण पत्रियां भिजवाई जाएं। इसमें दिनांक, वार्ड व सेंटर का उल्लेख करें।

# शहर में पीने के पानी की किल्लत, कई जगह शाम को दिया तो कई जगह नहीं बंटा

## रविवार को धोलावड़ में मेंटेनेंस होने से फिर आ सकती है परेशानी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बारिश के बावजूद लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शुक्रवार को भी दिनभर इंतजार के बाद लोगों को शाम को पानी मिला। वहीं कई इलाकों में तो पानी की सप्लाई हुई ही नहीं। इन इलाकों में शनिवार सुबह पानी की सप्लाई होगी। पिछले कुछ दिनों से यही स्थिति चल रही है। इधर नगर निगम के अफसर जल्द व्यवस्था में सुधार का दावा कर रहे हैं।

शहर में पानी सप्लाई गड़बड़ाने की वजह धोलावड़ में फॉल्ट होना है। फॉल्ट से बिजली गुल होने से पानी की टंकियां नहीं भर पाईं। इससे शहर के कई इलाकों में सुबह की जगह शाम को पानी का सप्लाई हुआ। इससे लोगों को दिनभर पानी के लिए इंतजार करना पड़ा। इधर गंगासागर की पानी टंकी से जुड़ी कॉलोनियों में तो शुक्रवार को पानी की सप्लाई नहीं हुई। शनिवार सुबह यहां पानी की सप्लाई होगी।

**तो समय पर होगा जल वितरण** - जलप्रदाय विभाग के कार्यपालन यंत्री एसपी आचार्य ने बताया फॉल्ट से टंकियां देर से भरने से यह समस्या खड़ी हुई है। इससे शाम को पानी सप्लाई हो रहा है। इसे पटरी पर लाने के लिए एक दिन का ब्रेक देना जरूरी है। एक दिन का ब्रेक देने से हम सुबह सप्लाई कर सकेंगे। चूंकि पानी से जुड़ा मामला है और हम भी चाहते हैं कि लोग परेशान ना हो इससे शाम को सप्लाई कर रहे हैं।

### कल से फिर गड़बड़ाएगी व्यवस्था

नगर निगम के मुताबिक रविवार को बिजली कंपनी धोलावड़ फीडर का मेंटेनेंस करेगी। इससे बिजली बंद होने से फिर पानी सप्लाई व्यवस्था गड़बड़ा सकती है। क्योंकि पांच मिनट भी बिजली बंद होती है तो पंप चालू करने में समय लगता है। ऐसे में पानी के लिए परेशान होना पड़ सकता है।

भास्कर 17-6-21

# जिले में 98280 आयुष्मान कार्ड बने

रतलाम। रतलाम जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम प्रगति पर है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के मार्गदर्शन में जिले में आयुष्मान कार्ड जनपद पंचायतवार तीव्र गति से बनाए जा रहे हैं तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही को इससे लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में 16 मई से 13 जून 2021 तक की अवधि में 98280 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जिले के आलोट जनपद पंचायत में इस अवधि के दौरान 11955, बाजना जनपद पंचायत 18483, जावरा जनपद पंचायत में 20802, पिपलौदा क्षेत्र में 11241, रतलाम जनपद पंचायत 21868, सैलाना जनपद पंचायत क्षेत्र में उक्त अवधि के दौरान 13931 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जिले की उक्त जनपद पंचायत क्षेत्रों में प्रतिदिन 3700 कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त जनपद पंचायत क्षेत्रों में आयुष्मान कार्डधारी परिवारों को उक्त कार्ड के तहत लाभान्वित भी किया जा रहा है।

18-6-21 रतलाम

उत्सवी माहौल में प्रारंभ होगा टीकाकरण अभियान, 1 सप्ताह में लगाए जाएंगे डेढ़ लाख टीके

# टीकाकरण के महाअभियान का आगाज 21 जून से

**रतलाम। जिले में कोविड-टीकाकरण के महा अभियान का आगाज 21 जून से होगा। अभियान का प्रारंभ उत्सवी माहौल में किया जाएगा। टीकाकरण केंद्रों पर जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में टीकाकरण की शुरुआत होगी। अभियान के दौरान 1 सप्ताह में डेढ़ लाख टीके लगाए जाएंगे।**



कलेक्टर पुरुषोत्तम ने वीसी लेकर अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

18 प्लस आयु वर्ग के लिए पर्याप्त मात्रा में टीको की व्यवस्था रहेगी। जिले में टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोतम ने गुरुवार शाम वीसी लेकर जिले भर के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में टीकाकरण अभियान का पूर्व से प्लान कर लें, शहरी क्षेत्रों में हर एक वार्ड में टीकाकरण केंद्र की सुविधा दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी एसडीएम कार्य योजना तैयार करेंगे। अभियान के दौरान 1 दिन पूर्व से ही नागरिकों ग्रामीणों को पता होगा कि उनके यहां पर कैंप लगने वाला है। अभियान 30 जून तक चलेगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने रतलाम जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों, जनपद पंचायत के कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरपालिका के अधिकारियों को कोविड-19 टीकाकरण महा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तार से निर्देशित किया। जिले में डेढ़ लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रतलाम शहर में 60,000, जावरा मे 30,000, रतलाम ग्रामीण में 20000, आलोट तथा ताल में 20000 और सैलाना व बाजना में 20000 लोगों को टीके लगाए जाना है। जिले में टीकाकरण के लिए हर टीकाकरण केंद्र पर एक प्रेरक नामांकित किया जाएगा। टीकाकरण केंद्र पर प्रेरक के रूप में जनप्रतिनिधि, डॉक्टर, वकील, खिलाड़ी, पद्मश्री सम्मान से सम्मानित व्यक्ति, लेखक, चिंतक साहित्यकार आदि नामांकित किए जाएंगे। केंद्र पर टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन द्वारा किया जाएगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने टीकाकरण कार्यक्रम को निर्वाचन कार्य की तर्ज पर अंजाम देने के निर्देश दिए। इस संदर्भ में सभी आवश्यक बैठकों का आयोजन प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 जून से पूर्व संपन्न कर लिए जाना है। टीकाकरण अभियान के दौरान वृद्धजनों का घर पहुंचकर टीकाकरण किया जाएगा जो केंद्र पर आने में असमर्थ रहेंगे। अभियान में जिला अधिकारी नोडल अधिकारी, जोनल अधिकारी, सेक्टर अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए हैं। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि वर्षा के मद्देनजर टीकाकरण स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

जिले में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाएं एवं संगठन सुविधानुसार टीकाकरण केंद्र पर आगंतुकों के लिए चाय, बिस्किट आदि की व्यवस्था कर सकते हैं। टीकाकरण में सोशल मीडिया माध्यमों जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम पर टीकाकरण संबंधि संदेशों का प्रसार किया जाएगा। जो व्यक्ति टीका लगवा चुके हैं वह अन्य व्यक्तियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने का कार्य करेंगे। टीकाकरण के महा अभियान के लिए क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करेंगे। टीकाकरण महा अभियान की शुरुआती दिन से ही कार्यक्रम की हर 1 घंटे में प्रगति संबंधी नियमित समीक्षा की जाएगी ताकि सभी लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके।

अभियान के रुप में चलाया नगर निगम ने कार्य

# अब तक बनाए 1910 आयुष्यमान कार्ड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. आयुष्मान भारत निरामयम योजना अन्तर्गत शहर के पात्र हितग्राहियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम ने किया है। इसके अंतर्गत 14 दिन में अभियान चलाकर 1910 कार्ड उनके बनाए गए, जिनके पास पूर्व में यह कार्ड नहीं थे। शहर में इन कार्ड को बनाने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को नोडल अधिकारी व निगम आयुक्त झारिया ने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह को नोडल अधिकारी बनाया है।

कॉमन सर्विस सेन्टरों पर निगम आयुक्त झारिया के कहने के बाद वार्डवार नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कार्ड बनाने के लिए सर्वे किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि इन कार्ड को बनाने का कार्य शासकीय अवकाश के दिनों में भी नगर निगम के कर्मचारियों ने किया। इससे शहर के कई परिवार को लाभ मिला है। वार्डवार गठित दलों को निगम आयुक्त झारिया ने कहा है कि युद्ध स्तर पर पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाना है इस हेतु हितग्राही से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाए।

19-6-21

## इस तरह हो रहा काम

इस योजना को अधिक सफल बनाने के लिए निगम आयुक्त झारिया ने वार्डवार नगर निगम कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, कॉमन सर्विस सेन्टर के प्रोवाईडर के दलो का गठन किया। काम की समीक्षा के लिए निगम के उपयंत्री, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर को पाबंद किया।

## इस तरह बनें तारीख अनुसार कार्ड

| |
|---|
| 5 जून को 67 कार्ड |
| 6 जून को 208 कार्ड |
| 7 जून को 155 कार्ड |
| 9 जून को 261 कार्ड |
| 11 जून को 164 कार्ड |
| 12 जून को 84 कार्ड |
| 13 जून को 112 कार्ड |
| 14 जून को 222 कार्ड |
| 15 जून को 284 कार्ड |
| 16 जून को 192 कार्ड |
| 17 जून को 57 कार्ड |
| 18 जून को 104 कार्ड |

शहर में आयुष्मान बनाने का कार्य निरंतर जारी है। जो पात्र हैं अब तक इस कार्ड से वंचित रहे हैं, उनको वार्ड में सर्वे करके लाभ दिया जा रहा है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त

## कलेक्टर ने किया मिनी स्मार्ट सिटी के तहत सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

रतलाम। मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कॉन्वेंट स्कूल तिराहे से आनन्द कालोनी तक निर्माणाधीन का सड़क का अवलोकन कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत व नगर निगम इंजीनियरों के साथ किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने बताया कि कॉन्वेंट स्कूल तिराहे पर सड़क को 12 मीटर चौड़ाई के बराबर भूमि उपलब्ध है किन्तु आगे एक स्थान पर 3 मीटर पर एक स्थान 4 मीटर भूमि कम पड़ रही है। भूमि की कमी की पूर्ति हेतु उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल को अंदर की ओर शिफ्ट किया जाकर नये सिरे से सेम डिजाईन की बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण के साथ विद्युत पोल भी शिफ्ट किये जाने है। कलेक्टर ने सड़क का पैदल अवलोकन कर सड़क की चौड़ाई की नपती करवाकर निर्देशित किया कि उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल शिफ्ट करने के पूर्व जहां से नवीन बाउण्ड्रीवॉल बनाना

## वैक्सीनेशन जन जागरूकता हेतु फ्लैग मार्च आज

रतलाम। वैक्सीनेशन के लिए 21 जून से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लोगों को अभियान के प्रति जनजागरूक करने तथा अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने के लिए शनिवार को सायं 6 बजे रतलाम जिला मुख्यालय पर फ्लैग मार्च निकलेगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी एवं जिला अधिकारियों द्वारा इस फ्लैग मार्च के माध्यम से नागरिकों को वैक्सीनेशन अभियान की जानकारी देने तथा वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले में कोविड-टीकाकरण के महा अभियान का

# निगम आयुक्त ने नगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण



रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण कर सत्त निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर एवं प्रशासक पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम कार्यालय की वर्कशॉप को पलसोड़ा स्थित सिटी ट्रांसपोर्ट हेतु उपलब्ध भूमि पर शिफ्ट किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्थल का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि कच्चे स्थल पर मुरम डालकर समतलीकरण व रोलिंग करवाई जाये साथ ही गाड़ियों की सुरक्षा हेतु शेड का कार्य शीघ्र किया जाये। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने बंजली में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लेट निर्माण कार्य का निरीक्षण किये जाने पर अचार फेक्ट्री द्वारा गंदगी फैलाये जाने पर संबंधित को नोटिस दिये जाने के निर्देश प्रदान किये साथ ही बंजली में आवंटित भूमि का सीमांकन किये जाने के साथ ही रोड व बिल्डिंग निर्माण का कार्य शीघ्र पुरा किये जाने के निर्देश दिये। टैंकर रोड पर चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निविदाकार के इंजीनियर व सुपरवाईजर को निर्देशित किया बारिश प्रारंभ होने वाली है इस हेतु सीवरेज का कार्य शीघ्र पूर्ण करें ताकि आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न ना हो।

# कलेक्टर द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी के तहत सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



**रतलाम। मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कॉन्वेंट स्कूल तिराहे से आनन्द कालोनी तक निर्माणाधीन का सड़क का अवलोकन कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत व नगर निगम इंजीनियरों के साथ किया।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं प्रशासक पुरुषोत्तम को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि मास्टर प्लान के तहत 12 मीटर चौड़ाई की सड़क का निर्माण किया जाना है साथ विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी कश्यप के निर्देशानुसार बच्चों की सुविधा के दृष्टिगत सड़क के दोनो ओर फुटपाथ का निर्माण किया जाना है। उन्होने बताया कि कॉन्वेंट स्कूल तिराहे पर सड़क की 12 मीटर चौड़ाई के बराबर भूमि उपलब्ध है किन्तु आगे एक स्थान पर 3 मीटर पर एक स्थान 4 मीटर भूमि कम पड़ रही है। भूमि की कमी की पूर्ति हेतु उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल को अंदर की ओर शिफ्ट किया जाकर नये सिरे से सेम डिजाईन की बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण के साथ विद्युत पोल भी शिफ्ट किये जाने है। इस अवसर कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरुषोत्तम ने सड़क का पैदल अवलोकन कर सड़क की चौड़ाई की नपती करवाकर निर्देशित किया कि उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल शिफ्ट करने के पूर्व जहां से नवीन बाउण्ड्रीवॉल बनाना है वहां पतरों से फेंसिंग की जाये साथ ही तोड़ी जाने वाली बाउण्ड्रीवॉल की डिजाईन अनुसार ही नवीन बाउण्ड्रीवॉल व सड़क निर्माण का कार्य साथ-साथ किया जाये ताकि कम समय में दोनों कार्य पूर्ण होकर नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो व उद्यान भी सुरक्षित रहे। उन्होंने इस अवसर पर निर्देशित किया कि नवीन बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण का व्यय संबंधित आर्यवृत्त कम्पनी स्वयं वहन करेगी व निर्माण कार्य के दौरान कम से कम पेड़ कटे इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

# 17 दिन में 155 पाजिटिव, छह मौत

19-6

रतलाम। जून माह की शुरुआत से जिले में बेकाबू कोरोना नियंत्रण में आ गया है। नए संक्रमितों की संख्या में लगातार कमी आने के साथ स्वस्थ होने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। अप्रैल-मई की तुलना में नए संक्रमितों और मौत के आंकड़े में काफी कमी आ गई है। शासन-प्रशासन द्वारा लगातार अनलाक में ढील (छूट) का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इससे आर्थिक गतिविधियां रफ्तार पकड़ रही है और जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जिले में लगातार व्यवस्थाओं में बदलाव कर सख्ती बरती जा रही है। अनलाक में लापरवाही बरतने वालों पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। जून माह के 17 दिनों में 155 नए पाजिटिव केस सामने आए, वहीं 726 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। छह मौत भी हुई।

## तैयारी शुरू, हर वार्ड में 18 प्लस के लिए लगेगा केंद्र

# वैक्सीनेशन महाअभियान के लिए आज निकलेगा फ्लैग मार्च

19-6

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए 21 जून से शुरू होने वाले विशेष अभियान में अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए शनिवार शाम छह बजे फ्लैग मार्च निकाला जाएगा।

अभियान का प्रारंभ उत्सवी माहौल में किया जाएगा। टीकाकरण केंद्रों पर जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में टीकाकरण की शुरुआत होगी। अभियान के दौरान एक सप्ताह में डेढ़ लाख टीके लगाए जाएंगे।3

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने टीकाकरण की तैयारियों को लेकर शुक्रवार शाम वीसी में सभी एसडीएम तथा अन्य अधिकारियों से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बताया



कि वैक्सीनेशन महाअभियान में कोई भी व्यक्ति जो 18 वर्ष से ऊपर आयु का है वह अपने परिचय पत्र के साथ बगैर पूर्व बुकिंग कराए सेंटर पर आकर टीका लगवा सकता है। अभियान में आयु बंधन नहीं रहेगा, पूर्व से स्लाट बुकिंग भी नहीं करानी पड़ेगी।

कलेक्टर ने निगम आयुक्त को निर्देश दिया कि रतलाम शहर में टीकाकरण के लिए प्रत्येक वार्ड में सेंटर बनाया गया है। वार्डों में क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों के माध्यम से नागरिकों को आमंत्रण पर्चियां भिजवाई जाए जिसमें उनको दिनांक, वार्ड तथा सेंटर उल्लेखित करते हुए टीका लगवाने के लिए आमंत्रित किया जाए। टीकाकरण केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट बढ़ाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। जिस वार्ड में सबसे ज्यादा टीकाकरण होगा उस वार्ड की क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी को सम्मानित किया जाएगा।

**आज दो स्थानों पर वैक्सीनेशन**

जिले में शनिवार को केवल दो स्थानों पर कोविड का वैक्सीनेशन किया जाएगा। प्रभारी सीएमएचओ डाक्टर जीआर गौड़ ने बताया कि रतलाम शहर में पुराना कलेक्ट्रेट गुलाब चक्कर के पास केवल को-वैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जाएगा। ग्राम बिरमावल में राष्ट्रीय जैन संत के कार्यक्रम के दौरान टीकाकरण किया जाएगा।

## न्यूज गैलरी

### हनुमान ताल के विकास में जरूरी काम जल्दी कराएं

रतलाम। हनुमान ताल के सुंदरीकरण को लेकर शुक्रवार को पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा के साथ भाजपा पदाधिकारियों व पूर्व पार्षदों ने एक ज्ञापन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को सौंपा और विकास के जरूरी काम जल्द कराने की मांग की। पूर्व पार्षद पवन सोमानी, भाजपा पदाधिकारी प्रदीप उपाध्याय, बजरंग पुरोहित, पूर्व पार्षद सीमा टांक द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में अवगत कराया गया कि पूर्व में की गई मांग अनुसार हनुमान ताल के निरीक्षण के बाद विकास कार्य कराने के निर्देश दिए गए है। आपके निरीक्षण के दौरान जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाता तो वहां की मूलभूत समस्याओं से अवगत करवाया जाता। यह तालाब लगभग 29.290 हे. क्षेत्र का है। वर्ष 2017-18 में नगर निगम द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सीवरेज लाइन तालाब के क्षेत्र बिछा दी गई थी। कड़े विरोध के बाद काम रोका गया। वर्तमान में बडबड मेन रोड पर सीवरेज का कार्य चल रहा है। वर्तमान में तालाब में वार्ड नौ में स्थित कालोनियों का गंदा पानी भी तालाब में आ रहा है।

## निगम आयुक्त द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण

# फुटकर व्यापारियों का ठेला व सामान जब्त कर पांच-पांच हजार का जुर्माना किया जाए

19-6-21

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण कर सतत् निगरानी रखी जा रही हैं। नगर निगम कार्यालय की वर्कशॉप को पलसोड़ा स्थित सिटी ट्रांसपोर्ट हेतु उपलब्ध भूमि पर शिफ्ट किए जाने हेतु निगम आयुक्त ने स्थल का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि कच्चे स्थल पर मुरम डालकर समतलीकरण व रोलिंग करवाई जाए, साथ ही गाड़ियों को सुरक्षा हेतु शेड का कार्य शीघ्र किया जाए। श्री झारिया ने बंजली में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लेट निर्माण कार्य का निरीक्षण किए जाने पर अचार फैक्ट्री द्वारा गंदगी फैलाये जाने पर संबंधित को नोटिस दिए जाने के निर्देश प्रदान किए, साथ ही बंजली में आवंटित भूमि का सीमांकन किए जाने के साथ ही रोड व बिल्डिंग निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा किये जाने के निर्देश दिए। इससे पूर्व दो बत्ती चौराहे की सड़क निर्माण का कार्य रविवार को तालाबंदी होने से शनिवार रात्रि से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। श्री झारिया ने वार्ड क्रमांक 32 व 34 में सफाई संरक्षकों की उपस्थिति स्थल पर कर्मचारियों के नाम के फ्लैक्स का अवलोकन करने पर पाया कि कई कर्मचारियों के मोबाइल नम्बर दर्ज नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी पर्वत हाड़े को निर्देशित किया कि फ्लैक्स पर सभी कर्मचारियों के मोबाइल नम्बर आवश्यक है जो कर्मचारी मोबाइल नम्बर नहीं देता है उसकी सेवा से बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी को निर्देशित किया भविष्य में सड़क व फुटपाथ पर कचरा व गंदगी ना हो इसकी नियमित सफाई करवाई जाए, साथ फुटपाथ पर अतिक्रमण करने व ठेला लगाकर फल-सब्जी सहित अन्य सामग्री का विक्रय करने वाले फुटकर व्यापारियों का ठेला व सामान जब्त कर 5000-5000 हजार का जुर्माना किया जाए।

# नाले में बह रही गाय को नागरिकों ने बचाया

19-6-21

## हरमाला रोड नाले पर अधिकारियों की अनदेखी, हो सकता है बड़ा हादसा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

गुरुवार को पहली बारिश में ही शासन-प्रशासन के स्वच्छता अभियान की सच्चाई सामने आ गई जब पूरे शहर भर की नालियों का पानी और कचरा सड़कों पर तैरता हुआ नजर आया।

शहर के हरमाला रोड क्षेत्र में ऐसी घटना घटित हुई जिसका अंदाजा पूर्व में लगाया जा चुका था और रतलाम नगर निगम के कई अधिकारियों अवगत भी था। पूरे शहर में जब जल भराव हो चुका था तब खुले बड़े नाले में एक गौ माता गिर गई, जिसे स्थानीय लोगों ने अपने विश्वास के साथ निकाल कर उसकी जान बचाई।

### बड़ी घटना का इंतजार

आखिर जवाबदार लोग किस बड़ी घटना का इंतजार कर रहे है ये जनता की समझ से परे है। शहर की जनता के सब्र का इम्तेहान लिया जा रहा है लेकिन सभी जिम्मेदार जन प्रतिनिधिगण और अधिकारी गण एक बात अच्छी तरह से समझ ले की अगर जनता के धैर्य का घड़ा अगर फूट गया



तो न कोई जन प्रतिनिधि बचेगा न अधिकारी। संयुक्त जैन युवा संघ ने चेतावनी दी है कि समय रहते इन समस्याओं पर उचित कार्रवाई कर निराकरण नही किया गया तो जिम्मेदार लोगों पर न्यायिक कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सीवर लाइन की खुदाई की गई है, जहां बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। निगमायुक्त ने संबंधित ठेकेदार को समय-सीमा में कार्य करने की चेतावनी दी थी ताकि नागरिकों को परेशानी न हो, लेकिन अभी भी कई स्थानों पर कार्य चल रहा है, जो यातायात में बाधक तो है ही दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहा है। बारिश शुरू हो गई है यदि तत्काल कार्य समाप्त नहीं हुआ तो समस्या विकराल रूप ले लेगी।

### नालों को खोद कर खुला छोड़ा

शहर में सड़कों की खुदाई करने और मुख्य चौराहे के नालो को खोद-खोद कर खुला छोड़ दिया गया है जिसके बारे में कई बार जिला प्रशासन निगम अधिकारियों यहां तक कि जन प्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन इनके पास शहर की समस्याओं को सुलझाने का समय नहीं है। यह कोई पहली घटना नहीं है पूर्व में भी कई बार मूक प्राणियों के नालों और बड़े-बड़े गड्ढों में गिरने पर आम जन मानस द्वारा अपनी सूझ-बूझ से उनकी जान बचाई गई है।

### कई बार निकलते हैं अधिकारी

क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक सलीम बागवान ने बताया कि सातर चबूतरा हरमाला रोड के इस नाले के पास से कई बार अधिकारियों का काफिला निकलता है, लेकिन कभी यह इस ओर ध्यान नहीं देते। इस नाले को ढंका क्यों नहीं जाता, यह मनुष्य और बेजुबान जानवरों की जान के लिए खतरा बना हुआ। कई बार इस नाले में पशु गिर चुके है, यहां तक की एक-दो बार ट्रक भी गिर गए, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। लगता है कि अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे है। पारस सकलेचा के महापौर कार्यकाल में इसी नाले में एक अदनान नाम का बच्चा गिर गया था, उन्होंने ही नाले के अंदर उतरकर उसे खोजा और लहूलुहान होकर बच्चे को निकाला। इस नाले के अंदर गाय को डूबने से बचाने का दृश्य भी कुछ इसी प्रकार का था, गाय को क्षेत्र के लोगों ने बचाकर मानवता का परिचय दिया है। प्रशासन को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए।

# टीकाकरण के महा अभियान का आगाज 21 जून से, उत्सवी माहौल में प्रारंभ होगा टीकाकरण अभियान

19-6-

## कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने वीसी लेकर अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

रतलाम

रतलाम। रतलाम जिले में कोविड-टीकाकरण के महा अभियान का आगाज 21 जून से होगा। अभियान का प्रारंभ उत्सवी माहौल में किया जाएगा। टीकाकरण केंद्रों पर जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में टीकाकरण की शुरुआत होगी। अभियान के दौरान 1 सप्ताह में डेढ़ लाख टीके लगाए जाएंगे। 18 प्लस आयु वर्ग के लिए पर्याप्त मात्रा में टीको की व्यवस्था रहेगी। जिले में टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार शाम वीसी लेकर जिले भर के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े उपस्थित थे ।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में टीकाकरण अभियान का पूर्व से प्लान कर लें, शहरी क्षेत्रों में हर एक वार्ड में टीकाकरण केंद्र की सुविधा दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी एसडीएम कार्य योजना तैयार करेंगे। अभियान के दौरान 1 दिन पूर्व से ही नागरिकों ग्रामीणों को पता होगा कि उनके यहां पर कैंप लगने वाला है। अभियान 30 जून तक चलेगा। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों, जनपद पंचायत के कार्यपालन

निर्देशित किया।

रतलाम जिले में डेढ़ लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रतलाम शहर में 60,000, जावरा मे 30,000, रतलाम ग्रामीण में 20000, आलोट तथा ताल में 20000 और सैलाना व बाजना में 20000 लोगों को टीके लगाए जाना है। जिले में टीकाकरण के लिए हर टीकाकरण केंद्र पर एक प्रेरक नामांकित किया जाएगा। टीकाकरण केंद्र पर प्रेरक के रूप में जनप्रतिनिधि, डॉक्टर, वकील, खिलाड़ी, पद्मश्री सम्मान से सम्मानित व्यक्ति, लेखक, चिंतक साहित्यकार आदि नामांकित किए जाएंगे। केंद्र पर टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन द्वारा किया जाएगा।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने टीकाकरण कार्यक्रम को निर्वाचन कार्य की तर्ज पर अंजाम देने के निर्देश दिए। इस संदर्भ में सभी आवश्यक बैठकों का आयोजन प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 जून से पूर्व संपन्न कर लिए जाना है। टीकाकरण अभियान के दौरान वृद्धजनों का घर पहुंचकर टीकाकरण किया जाएगा जो केंद्र पर आने में असमर्थ रहेंगे। अभियान में जिला अधिकारी नोडल अधिकारी, जोनल अधिकारी, सेक्टर अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए हैं। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि वर्षा के मद्देनजर टीकाकरण स्थलों पर

केंद्र पर आगंतुकों के लिए चाय, बिस्किट आदि की व्यवस्था कर सकते हैं। टीकाकरण में सोशल मीडिया माध्यमों जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम पर टीकाकरण संबंधि संदेशों का प्रसार किया जाएगा। जो व्यक्ति टीका लगवा चुके हैं वह अन्य व्यक्तियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने का कार्य करेंगे। टीकाकरण के महा अभियान के लिए क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करेंगे। टीकाकरण महा अभियान की शुरुआती दिन से ही कार्यक्रम की हर 1 घंटे में प्रगति संबंधी नियमित समीक्षा की जाएगी ताकि सभी लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके।

# नई गाइडलाइन में 12 दिन शेष एक सब रजिस्ट्रार पर ही जिम्मा

## पुरानी गाइडलाइन का लाभ लेने बढ़ रहे लोग

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वर्तमान गाइडलाइन से रजिस्ट्री में अब 12 दिन बचे हैं। ऐसे में रजिस्ट्री कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग रजिस्ट्रार विभाग पहुंच रहे हैं लेकिन शुक्रवार को एक ही सब रजिस्ट्रार के जिम्मे रजिस्ट्रियां रहीं। अगले महीने से गाइडलाइन बढ़ने वाली है। ऐसे में विभाग को सब रजिस्ट्रार विभाग की व्यवस्था करना चाहिए।

तीन सब रजिस्ट्रार की पोस्ट है लेकिन वर्तमान में दो सब रजिस्ट्रार ही कार्यरत हैं। इसमें आरसी मालवीय और प्रसन्न कुमार गुप्ता शामिल है लेकिन सब रजिस्ट्रार प्रसन्न कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को सैलाना के रजिस्ट्रार ऑफिस का काम देखा।

### गाइडलाइन नहीं बढ़ाने को लेकर सीएम को लिखा पत्र

रतलाम जिला प्रॉपर्टी एसोसिएशन के संस्थापक एवं कॉलोनाइजर महेंद्र गादिया ने गाइडलाइन आगे बढ़ाने को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि कोरोना से कारोबार पर हुआ है। वहीं अगले महीने से गाइडलाइन बढ़ जाएगी तो प्रॉपर्टी कारोबार पर ज्यादा असर होगा।

---

इससे शहर की रजिस्ट्री एक ही सब रजिस्ट्रार की जिम्मे रही। गुरुवार शाम 4 बजे सर्वर डाउन होने से इस दिन की बची हुई 15 रजिस्ट्री भी शुक्रवार को ही हुई। इससे एक सब रजिस्ट्रार पर भार पड़ गया है।

19-6-21

### बाल कल्याण योजना के लिए निशुल्क आवेदन करें

रतलाम | मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना के लिए निशुल्क आवेदन किया जाएगा। प्रदेश के स्थानीय निवासी ऐसे बाल हितग्राही जिनके माता-पिता की मृत्यु 1 मार्च से 30 जून तक की अवधि में हुई हो तो ऐसे प्रत्येक बाल हितग्राही को शासन 5 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन, आवास की व्यवस्था न होने पर बाल संरक्षण आवास, फ्री राशन व शिक्षा में सहायता मिलेगी।

### पात्रता के दस्तावेज प्रस्तुत करने की तारीख बढ़ाई

रतलाम | राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अब अंतिम तिथि 31 अगस्त की गई है। भास्कर

# वैक्सीनेशन के लिए फ्लैग मार्च आज

19-6-21

रतलाम। वैक्सीनेशन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लोगों को अभियान के प्रति जनजागरूक करने तथा अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने के लिए 19 जून को सायं 6 बजे रतलाम जिला मुख्यालय पर फ्लैग मार्च निकलेगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी एवं जिला अधिकारियों द्वारा इस फ्लैग मार्च के माध्यम से नागरिकों को वैक्सीनेशन अभियान की जानकारी देने तथा वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले में कोविड-टीकाकरण के महा अभियान का आगाज 21 जून से होगा। अभियान के दौरान 1 सप्ताह में डेढ़ लाख टीके लगाए जाएंगे। 18 प्लस आयु वर्ग के

**नगर निगम में मांग को लेकर हुआ प्रदर्शन**

# पहले की नारेबाजी, फिर याद दिलाए पूर्व किए वादे



रतलाम. नगर निगम संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को दोपहर पहले नगर निगम में नारेबाजी की व इसके बाद ज्ञापन देकर अधिकारियों को पूर्व की मंजूर मांग सहित अन्य 9 व 22 मांग को याद दिलाया। इस दौरान आरोप लगाया गया कि निगम के स्वास्थ्य विभाग को छोड़कर शेष अन्य 17 विभाग में कर्मचारियों के मोबाइल नंबर के फ्लैक्स नहीं लगाए गए हैं व अधिकारी जातिगत आधार पर प्रताड़ित कर रहे हैं। कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष राम कल्याणे, सदस्य विजय खरे, संजय पेमाल, अमर चौहान, कमल शिंदे के हस्ताक्षर से दिए गए ज्ञापन में लिखा गया है कि पूर्व में भी अनुकंपा नियुक्ति सहित विभिन्न मामलों को बताया गया। अब तक इस मामले में कुछ भी नहीं हुआ है। इतना ही नहीं, पूर्व में 22 व इसके पूर्व 9 सुत्रीय मांग पत्र दिया गया उसके बारे में अब तक निर्णय नहीं हुआ है। मांग मंजूर नहीं हुई तो कर्मचारियों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

**अब कलेक्टर के पास पहुंचा मामला**

# 4 साल में भी हनुमान ताल के अंदर से नहीं निकाली सीवरेज पाइप लाइन

## हनुमान ताल के सुधार के लिए कलेक्टर को दिया ज्ञापन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क 19-6.21
patrika.com

रतलाम. बिते चार साल पूर्व जब शहर में सीवरेज का काम शुरू हुआ था तब हनुमान ताल के अंदर ही सीवरेज की पाइप लाइन को डाल दिया गया था। जब इसका विरोध हुआ तो काम को रोक दिया गया। तब से अब तक डाली गई पाइप को निकाला नहीं गया है। ऐसे में अब इस पाइप को तालाब से निकालने की मांग फिर तेज हुई है व अब यह मामला कलेक्टर के पास पहुंच गया है।

हनुमान ताल के सौंदर्यीकरण के लिए लंबे समय से प्रयास कर रहे पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा व निगम की एमआईसी के पूर्व सदस्य पवन सोमानी ने शुक्रवार को कलेक्टर को इस मामले से अवगत कराया है। डागा व सोमानी ने बताया कि इस समय बडबड क्षेत्र में सीवरेज का कार्य चल रहा है। ऐसे में पाइप लाइन को हटाया जा सकता है अभी भी तालाब में आसपास की 50 से अधिक कॉलोनियों का गंदा पानी आ रहा है।

### यह भी बताया कलेक्टर को

तालाब के पश्चिम क्षेत्र की पाल के करीब बड़े छोटे लीकेज व दरार हैं, उनको बंद किया जाए। तालाब क्षेत्र में आकर्षक रौशनी कर इसकी सुंदरता बढ़ाई जाए। मंदिर के पीछे ओपन जीम का काम बंद है, इसको शुरू किया जाए। तालाब का सीमांकन करवाकर इसकी बाउंड्री बनाई जाए। तालाब क्षेत्र की सफाई के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए।

## 7 को सेवा से बर्खास्त करने का सूचना पत्र जारी

नई दुनिया

रतलाम. नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एनयूएलएम विभाग के दो सिटी मैनेजर व पांच सामुदायिक संगठिकाओं को संविदा अनुबंध समाप्त कर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। पथकर विक्रेताओं को लक्ष्य अनुरूप कर्ज उपलब्ध नहीं कराने तथा एसएमआईडी घटक अंतर्गत असंतोषजनक प्रगति के कारण सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपील मारोठिया, सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट, निर्मला राय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। 19-6-21

## 104 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए

रतलाम। आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अंतर्गत शहर के पात्र हितग्राहियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। वार्डो के कामन सर्विस सेंटरो पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। शुक्रवार को 104 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

नई दुनिया 19-6

## सूचना पत्र जारी

रतलाम। एनयूएलएम विभाग के दो सिटी मैनेजर व पांच सामुदायिक संगठिकाओं को संविदा अनुबंध समाप्त कर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। पथकर विक्रेताओं को सीएम स्वनिधि के तहत लक्ष्य अनुरूप ऋण उपलब्ध नहीं कराने के कारण सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपिल मारोठिया, सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट, निर्मला राय को कारण बताओ सूचना पत्र दिया है।

समीक्षा व उठाये ।

# भीड़-भाड़ से बचें आदत में बदलाव से ही कोरोना से बचाव

## प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-21 जून से प्रारंभ होगा वैक्सीनेशन महा-अभियान

19-6-21

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 21 जून- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूरे देश के साथ ही प्रदेश में भी कोरोना वैक्सीनेशन का महा-अभियान प्रारंभ होगा। अभियान के अंतर्गत 18+ आयु के सभी व्यक्तियों को कोरोना का वैक्सीन निःशुल्क लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वैक्सीन कोरोना के विरुद्ध सुरक्षा चक्र है। अतः न केवल वैक्सीन लगवाकर स्वयं को कोरोना से सुरक्षित करें, अपितु दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। आप सभी के सक्रिय सहयोग से जिस प्रकार हमने प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर को नियंत्रित किया है, वैसे ही हम तीसरी लहर का प्रभाव मध्यप्रदेश पर नहीं पड़ने देंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त जिला, ब्लॉक, वार्ड और ग्राम क्राइसिस मैनेजमेंट समूहों को संबोधित कर रहे थे। वी.सी. में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान और सभी संबंधित उपस्थित थे। इस अवसर पर एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा श्री गोविन्द काकानी भी उपस्थित थे ।

कोरोना पूरी तरह नियंत्रित-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में सभी के सहयोग से कोरोना लगभग पूरी तरह नियंत्रित हो गया है। प्रदेश की पॉजिटिविटी रेट 0.2% आ गई है। आज किए गए 73 हजार टेस्ट में से 145 व्यक्ति पॉजिटिव आए हैं। केवल भोपाल और इंदौर में ही कोरोना के दहाई में प्रकरण हैं। प्रदेश की रिकवरी रेट भी बढ़कर 98.52% हो गई है।

हमको लगातार सावधान रहना ही होगा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंग्लैण्ड सहित विश्व के कई देशों में कोरोना फिर बढ़ रहा है। हमको लगातार सावधान रहना ही होगा। मास्क लगाना, परस्पर दूरी रखना, कहीं भी भीड़ नहीं करना आदि सभी सावधानियाँ बरतनी होंगी। सरकार कोरोना से लड़ने की सारी व्यवस्थाएँ कर रही हैं। अस्पतालों में बेड्स बढ़ाना, ऑक्सीजन, दवाओं का भंडारण, बच्चों के वार्ड/आई.सी.यू. वार्ड तैयार करना आदि काम किए जा रहे हैं। क्राइसिस मैनेजमेंट समूहों को अपने क्षेत्रों में यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी कोविड अनुरूप व्यवहार करें और कोरोना गाइड लाइन का शत-प्रतिशत पालन किया जाए।

योग भी करें और वैक्सीन भी लगवाएँ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 21 जून- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी योग करें और 18+ के व्यक्ति, जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाया है, वैक्सीन लगवाएँ। इस दिन छोटे-छोटे समूहों में भी दूरी बनाकर योग किया जा सकता है। क्राइसिस मैनेजमेंट समूह इस अभियान का संचालन करें।

बुजुर्गों को टीकाकरण केन्द्र पर लाने की व्यवस्था करें-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बुजुर्गों को टीकाकरण केन्द्र तक लाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही, जो अधिक बुजुर्ग हैं, उनके घर जाकर वैक्सीन लगाने की भी व्यवस्था करें। यह ध्यान रखा जाए कि वैक्सीन का एक डोज् भी बेकार न हो।

वैक्सीनेशन महा-अभियान की रूपरेखा

वैक्सीनेशन महा-अभियान 21 जून 2021 को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा।

प्रदेश के 7000 टीकाकरण केन्द्रों पर एक साथ अभियान प्रारंभ किया जाएगा। प्रत्येक सेंटर पर एक-एक प्रमुख व्यक्ति वैक्सीनेशन मोटिवेटर अर्थात टीकाकरण प्रेरक के रूप में भेजा जाएगा। यह व्यक्ति समाज के जाने-माने व्यक्ति होंगे जैसे मंत्री, विधायक, अन्य जन-प्रतिनिधि, क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्य, धर्मगुरु, समाजसेवी, कलाकार, खिलाड़ी, साहित्यकार, पत्रकार, विश्लेषक, पद्म पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, अधिकारी इत्यादि।

जिन हस्तियों को वैक्सीन मोटिवेटर के रूप में आमंत्रित किया गया है, उनकी वैक्सीन लगवाने की अपील भी जारी की जाएगी। आमंत्रित वैक्सीनेशन मोटिवेटर टीकाकरण केंद्र पर दीप प्रज्वलन करेंगे और टीका लगवाने वाले व्यक्तियों के माथे पर टीका लगाकर उनका स्वागत करेंगे।

स्थानीय स्तर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं की टोलियाँ बनाकर लोगों के घरों में जाकर उन्हें वैक्सीनेशन कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को स्वयं वैक्सीन लगवाने और अन्य लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई जाएगी।

21 तारीख के बाद यह कार्यक्रम निरंतर चलेगा। जिन स्थानों पर वैक्सीनेशन पूरा हो जाएगा, वहाँ से वैक्सीनेशन सेंटर अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा।

# नीमच-मंदसौर-रतलाम को मिलाकर मन्दसौर संभाग बनाया जाये-औंकारलाल बागड़िया

18-6

## बढ़ते क्षेत्र को देखते हुए मंदसौर को नगर निगम भी बनाया जाये

मन्दसौर। समाजसेवी औंकारलाल बागड़िया ने बताया कि मंदसौर जिला जो कि कभी मध्यप्रदेश के बड़े जिलों में शामिल था लेकिन मंदसौर जिले से नीमच जिला का गठन कर दिया गया जिससे मंदसौर जिला छोटा हो गया अब मंदसौर जिले के विकास के लिये मंदसौर को संभाग का दर्जा दिया जाना आवश्यक है। मंदसौर नगर के बढ़ रहे क्षेत्र को देखते हुए मंदसौर को नगर निगम बनाना भी आवश्यक है। इस बाबत् उनके द्वारा जनप्रतिनिधियों से भी कई बार मांग की गई है। अगर मंदसौर को संभाग का दर्जा मिल जाता है तो निश्चित ही नीमच व रतलाम जिले के बीच में मंदसौर मध्य में होने से नीमच व रतलाम जिलों को भी फायदा मिलेगा तथा नगर निगम बनने से मंदसौर विकास की नई ऊँचाईयों को छूएगा।

श्री बागड़िया ने बताया कि मंदसौर नगर काफी समय से विकास की बाट जोह रहा है। ऐसे में मंदसौर को संभाग बनाने की जरूरत महसूस होने लगी है। उज्जैन संभाग में एक और संभाग रतलाम, मंदसौर एवं नीमच को मिलाकर मंदसौर संभाग बनाया जाना चाहिए। नीमच व मंदसौर से उज्जैन की दूरी काफी अधिक है, जिससे अपने कार्यों के लिये कई घण्टों का सफर तय कर उज्जैन पहुंचना पड़ता है। कई बार एक कार्य के लिये दो-दो तीन-तीन चक्कर लगाने पड़ते हैं। ऐसे में मंदसौर को संभाग का दर्जा मिल जाने से इस क्षेत्र की जनता को कार्यों में बेहद आसानी होगी तथा उनका समय और पैसे की बचत भी होगी। मंदसौर संभाग बन जाने से आसपास के क्षेत्रों, रतलाम, जावरा, मंदसौर, नीमच, मनासा, भानपुरा, गरोठवालों को उज्जैन न जाते हुए उनके कार्य मंदसौर में ही हो जायेंगे। मंदसौर संभाग बनने से इस क्षेत्र को सुविधाएं प्राप्त होगी व शहर का भी विकास होगा। मंदसौर को एजुकेशन हब की दिशा में भी आगे बढ़ाना चाहिये क्योंकि यहां इंजीनियरिंग, नर्सिंग, आयुर्वेद, बीएड, लॉ कॉलेज पहले से है तथा मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हो चुका है। साथ ही श्री बागड़िया ने कहा कि मंदसौर नगर का क्षेत्र काफी फैल चुका है। तथा काफी दूर-दूर तक कॉलोनियां बस चुकी है। इस हिसाब से मंदसौर को नगरपालिका को बढ़ाकर नगर निगम बनाया जाये। जिसे नगर के विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। बड़े शहरों की तरह यहां सुविधायें प्राप्त होगी। मंदसौर के आसपास के गांव जिन्हें भी मंदसौर की सीमा में शामिल करने नगर निगम बनाने में मदद मिलेगी।

श्री बागड़िया ने क्षेत्र जागरूक सांसद सुधीर गुप्ता एवं लोकप्रिय विधायक यशपालसिंह सिसौदिया से मांग की है कि वे मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के समक्ष मंदसौर नगरवासियों की मांग रखकर मंदसौर को नगर निगम बनाने एवं मंदसौर संभाग का दर्जा दिलाकर मंदसौर के लोगों को लाभान्वित करे। सांसद एवं विधायक के प्रयासों से मंदसौर नगर को यह सौगात मिले जिससे नगर का विकास हो और नगरवासी को अधिक से अधिक सुविधाएं मिल सके। मंदसौर जिला काफी समय से उद्योग क्षेत्र में भी पिछड़ा हुआ है अगर संभाग और नगर निगम बनाया जाता है तो निश्चित ही बड़े-बड़े उद्योगपतियों का ध्यान मंदसौर की ओर जाएगा और यहां पर उद्योग स्थापित करने में मदद मिलेगी जिससे रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। अतः जनप्रतिनिधि इस ओर सार्थक प्रयास करे यही आशा है।

[illegible]

### मेडिकल कॉलेज में केवल 33 मरीज भर्ती

रतलाम | मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को 1 मरीज को डिस्चार्ज किया गया, वहीं, 2 नए मरीज भर्ती हुए हैं। कॉलेज में अभी 33 मरीजों का इलाज हो रहा है। कॉलेज में कुल 517 बेड खाली हो गए हैं। अभी भर्ती मरीजों में सिर्फ 14 ही पॉजिटिव हैं। भास्कर

### लापरवाही पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी

रतलाम | पथकर विक्रेताओं को असंतोषजनक प्रगति के कारण दो सिटी मैनेजर व 5 सामुदायिक संगठिकाओं को बर्खास्त का सूचना पत्र जारी किया। सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपिल मारोठिया, सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट, निर्मला राय को नोटिस दिया है।

17-6-21

# झमाझम बारिश से जिला तरबतर, शहर की सड़कें जलमग्न

## मौसम : गर्मी-उमस से राहत और बिजली की आंखमिचौनी से लोगों को हुई परेशानी

19-6-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में शुक्रवार को मानसून ने अपना पूरा रंग जमा दिया। शहर सहित अंचल में शाम से शुरू हुआ झमाझम का सिलसिला रुक-रुककर लंबे समय तक चलता रहा। इससे कई क्षेत्रों की सड़कें जलमग्न हो गईं और नालों में बहाव शुरू हो गया। जगह-जगह जलजमाव की स्थिति निर्मित हो गई। बारिश से आमजन को गर्मी और उमस से राहत मिली, लेकिन बिजली गुल होने से परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

जिले में मानसून की जोरदार दस्तक से चारों तरफ खुशियां छा गईं। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार चौथे दिन शुक्रवार शाम साढ़े छह बजे झमाझम बारिश का सिलसिला प्रारंभ हुई। दिनभर गर्मी और उमस से बेचैन लोगों को राहत मिली। रिमझिम-झमाझम बारिश का सिलसिला रात तक चलता रहा। बच्चों और युवाओं ने भीगते हुए बारिश का आनंद लिया।

शहर में धास बाजार, न्यू रोड, दोबत्ती चौराहा, लक्ष्मणपुरा, चौमुखीपुल, पावर हाउस रोड सहित कई अन्य क्षेत्रों में सड़कों पर पानी जमा हो गया। तेज बारिश के चलते धास बाजार में मरम्मत के लिए खोले गए नाले का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहा। दो बत्ती क्षेत्र में फोरलेन निर्माण के कारण जलभराव हो गया।



शुक्रवार को बारिश से जलमग्न रतलाम के दो बत्ती चौराहा की सड़क। • नईदुनिया

संकलन-नगर निगम रतलाम समाचार

# ये एक महीने पहले बनी सड़क है, पहली बारिश में ही दिया जवाब, अंगुली लगाते ही निकल रहा है डामर

## मुक्तिधाम से त्रिवेणी गेट तक पिछले महीने लॉकडाउन में निगम ने करवाया था निर्माण, लेकिन बारिश ने खोली पोल

### नगर निगम का घटिया निर्माण सामने आया


भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम ने मुक्तिधाम से त्रिवेणी गेट तक डामर की सड़क बनाई थी। अभी एक महीना भी पूरा नहीं हुआ है कि पहली बारिश में यह उखड़ना शुरू हो गई है। रोड की स्थिति हो गई है कि अंगुली लगाने से ही डामर निकल रहा है। एक नहीं बल्कि कई स्थानों पर डामर निकल रहा है। इससे घटिया निर्माण की पोल खुल गई है।

निगम ने लंबे समय बाद इस सड़क का निर्माण करवाया है। सड़क का एस्टीमेट तो एक साल पहले ही बन गया था, लेकिन वर्कऑर्डर जारी होने के बाद एक महीने पहले डामरीकरण हुआ। चूंकि लंबे समय से क्षेत्रवासी डामरीकरण की मांग कर रहे थे। वहीं त्रिवेणी तट धार्मिक क्षेत्र हैं। इससे लोगों में खुशी थी लेकिन लोगों का क्या पता था कि निगम इतना घटिया निर्माण करवाएगा कि पहली बारिश में सड़क उखड़ने लगेगी। इससे क्षेत्र के लोगों में भी गुस्सा है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क निर्माण की जांच की मांग की है। 19-6/21

### लॉकडाउन की आड़ में की गड़बड़ी, जनप्रतिनिधि बोले - जवाबदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए

पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा ने बताया पिछले महीने लॉकडाउन के दौरान सड़क बनाई गई ताकि किसी को पता नहीं चल पाए। कल बारिश हुई तो चूरी निकलने लगी। घटिया निर्माण के कारण सड़क की यह हालत हुई है। निगम को इसकी जांच कराना चाहिए और जो भी दोषी है। उसके खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए। वहीं यह सड़क भगतपुरी से पुलिस चौकी तक बनना थी, लेकिन त्रिवेणी गेट तक भी नहीं बनाई गई। जो बनाई गई है वो भी एक महीने में ही उखड़ने लगी है। रोड की जांच होना चाहिए। क्षेत्र के बंटी कसेरा ने बताया कि त्रिवेणी तट शहर का धार्मिक क्षेत्र है। यहां हर साल गंगाजल कलश यात्रा निकलती है और मेला लगता है। धार्मिक क्षेत्र होने के बाद भी निगम ने ऐसा काम करवाया है। जिसकी उम्मीद ही नहीं थी। रोड पर अंगुली लगाते ही सड़क उखड़ रही है। भास्कर



मुख्य रोड पर एक महीने पहले बनाई सड़क की निकली चूरी।

**भुगतान नहीं हुआ है, कार्रवाई की जाएगी** निगम इंजीनियर राजेश पाटीदार ने बताया कि रोड को दिखवाया जाएगा। अभी भुगतान नहीं हुआ है। यदि चूरी निकल रही है तो जांच करवाई जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

# उफ, ये कैसा आइसोलेशन...पानी-पानी हो गया

**पत्रिका मानसून अलर्ट**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. मानसून की पहली जोरदार बारिश ने पूर्व तैयारियों की पोल खोल दी है। रतलाम में शुक्रवार की देरशाम को बारिश के बाद जिला अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में पानी भर गया। दाखिल मरीज पानी-पानी हुए वार्ड में जगह तलाशकर लेटे रहे। कुछ जमीन पर थे तो कुछ बेड पर। परिजन भी बरामदे में भरे पानी के बीच से निकलते रहे।

## पत्रिका ने दी जिम्मेदारों को सूचना....

बारिश में पानी से भरे वार्ड में जब पत्रिका टीम पहुंची तो एक बुजुर्ग जमीन पर लेटे थे, पत्रिका टीम ने तत्काल अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी और बुजुर्ग को जमीन से उठाकर बेड पर शिफ्ट कराया गया। करीब एक से डेढ़ घंटे की बारिश के दौरान आइसोलेशन वार्ड सहित बरामदे में भरे पानी के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## तालाब नहीं... ये है जिला अस्पताल



## निचले इलाकों में हुआ जलजमाव

शहर के निचले इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई और शुरुआती बारिश ने यहां की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। बीते 24 घंटे के दौरान रतलाम शहर में करीब 2 इंच बारिश हुई है। तेज बारिश होने से मौसम में ठंडक घुल गई जिससे दिनभर की गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली है।

## गंदगी से लोग परेशान 19-6-21

शहर में हुई शुरुआती दौर की बारिश ने बाजार में स्वच्छता व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। बाजार में नालियों के जाम होने से उनका कचरा और गंदगी सड़क पर आ गई जिसके चलते लोग गंदगी और दुर्गंध से परेशान हो रहे हैं। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा नगर निगम आयुक्त को शहर में सफाई को लेकर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं, उसके बाद भी हालात बहुत ज्यादा नहीं बदले।

## आइसोलेशन वार्ड में पानी ही पानी...मरीजों की हुई फजीहत



जिला अस्पताल में बारिश के कारण वार्ड में चहूं ओर पानी पानी हो जाने से मरीजों की फजीहत हो गई।

## शहर की सड़कों पर पसरा कीचड़

शहर में चल रहे सीवरेज कार्य के दौरान हाल ही में जिन क्षेत्रों में खुदाई की गई है उक्त क्षेत्रों में बारिश के बाद से अब कीचड़ से गंदगी फैल रही है। कीच? होने से लोग परेशान होते नजर आ रहे हैं। दरअसल कीचड़ के चलते लोगों के वाहन फिसलने से दुर्घटना की आशंका भी बन रही है, साथ ही भारी वाहनों के उक्त स्थान पर शनि की आशंका भी बनी हुई है।

## अब तक 36.4 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में 1 से 18 जून प्रात: तक 36.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत 24 घंटो के दौरान जावरा विकासखंड में 2 मिलीमीटर, रतलाम विकासखंड में 22 मिलीमीटर, रावटी विकासखंड में 1.2 मिलीमीटर तथा सैलाना विकासखंड में 17 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अन्य किसी भी विकासखंड में वर्षा नहीं हुई है। जिले की सामान्य वर्षा 918.3 मिलीमीटर है। बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे।

## तापमान में गिरावट

बीते तीन दिनों से शाम को रोज हो रही बारिश के चलते मौसम में ठंडक घुल गई है जिससे कि दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जाने लगी है। दिन का तापमान करीब 2 डिग्री नीचे आ गया है वहीं रात के तापमान में मामूली से गिरावट दर्ज की गई है। गुरुवार को दिन का तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया था जो कि शुक्रवार को 36.2 डिग्री पर आ गया वहीं रात का तापमान 25.2 डिग्री से गिरकर 24.6 डिग्री पर आ गया है।

# कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम द्वारा हनुमान ताल का निरीक्षण, तालाब के सौन्दर्यीकरण व सुदृढ़िकरण करने के दिये निर्देश

रतलाम । बरबड़ रोड स्थित हनुमान ताल के सुदृढ़िकरण व सौन्दर्यीकरण नगर निगम द्वारा किया जाना है इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम ने एसडीएम श्री अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, निगम अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ तालाब का निरीक्षण किया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री पुरूषोत्तम ने तालाब की डेढ़ किलोमीटर लम्बी पाल पर पैदल भ्रमण कर निर्देशित किया कि बांध पर जो स्लैब बना हुआ है वह काफी संकरा है यहाँ प्रातः घुमने आने वाले नागरिकों किसी प्रकार की दुर्घटना का सामना नहीं करना पड़े इस हेतु स्लैब को चौड़ा कर रेलिंग लगाई जाये इस हेतु जलसंसाधन व नगर निगम मिलकर कार्य करेंगे।

इसके अलावा निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्देशित किया कि तालाब परिसर के सौन्दर्यीकरण व हरियाली से आच्छादित किये जाने हेतु तालाब की पाल के बाहरी ओर ढलान में 5-5 मीटर की दूरी पर पौधे एवं घांस लगाये जाने का कार्य आमजन की सहभागिता के साथ 30 जून से 15 जुलाई के मध्य किया जाये।



16-6-21

इस अवसर पर उन्होने राजस्व विभाग के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक व पटवारी को निर्देशित कि तालाब का सीमांकन किया जाये तथा सीमांकन पश्चात नगर निगम सीमांकन क्षेत्र में पोल लगाने का कार्य करें साथ ही बंड भूमि पर किसी अन्य के द्वारा कोई अतिक्रमण तो नहीं किया है इसकी भी नपती की जाये।

इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि तालाब की पाल के अंदर व बाहर की ओर जो पेड़ है उनकी छंटाई करवाये जाने के साथ ही शेष अन्य झाड़ियों को हटाया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि हनुमान ताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने हेतु नगर निगम द्वारा सौन्दर्यीकरण किया जाना है इस हेतु जो भी कार्य करवाये जाने है शीघ्र प्रारंभ किया जाये।

उक्त स्थलों के निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, उपयंत्री सर्वश्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, जलसंसाधन विभाग कार्यपालन यंत्री श्री एच.के. मालवीय, उपयंत्री श्री आर.जी. पाटीदार, लोक निर्माण विभाग, मत्सय विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग आदि के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।